# नौ माह से लापता युवक का नहीं लगा सुराग, परिजनों ने प्रदर्शन किया

- न्याय की गुहार लगाने एसपी ऑफिस पहुंचा परिवार, पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया
- कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के दौरान युवक की मां बेहोश हो गई, परिजन व ग्रामीणों ने कहा कि युवक का खोजबीन की जाए

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर के लाडपुरा गांव निवासी एक युवक बीते नौ माह से लापता होने और पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से नाराज परिवार के सदस्य जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाने मंगलवार सुबह एसपी ऑफिस पहुंचे।

परिवार के साथ आए ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए मांग की कि लापता युवक का पता लगाया जाए। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के दौरान युवक की मां बेहोश हो गई। परिजन व ग्रामीणों ने कहा कि युवक का खोजबीन की जाए।

जिला प्रशासन के समक्ष न्याय की गुहार लगाने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे लापता युवक महेंद्र सिंह रावत के छोटे भाई नरेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि 1 मई 2024 को उनके गांवा के ही रहने वाले पिंटू सिंह भाई को खाटू श्यामजी लेकर गया था, लेकिन उसके बाद से ही आज तक घर नहीं लौटा।

परिजन का कहना रहा कि पिंटू आदतन शराबी है और उसे संदेह है कि भाई के साथ कुछ गलत हुआ है। मामले में पुलिस से कई बार गुहार लगाई गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।

नरेंद्र ने बताया कि महेंद्र की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए उन्होंने कई बार सीकर और गेगल थाने के चक्कर लगाए, लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी। पुलिस कार्रवाई करने के बजाए टाल रही है।

प्रदर्शन के दौरान मां की बिगड़ी तबीयत :-मंगलवार को जब कलेक्ट्रेट के बाहर न्याय के लिए परिजन व ग्रामीण प्रदर्शन कर रहे थे, तब युवक महेंद्र की मां बेहोश हो गईं।

ग्रामीणों ने उन्हें संभाला और पानी पिलाया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि महेंद्र की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की जाए और इस मामले की निष्पक्ष जांच हो।

परिजन का कहना है कि आखिर पुलिस उनकी शिकायत पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही? उन्होंने मांग की है कि उनके बेटी की तलाश शुरू की जाए।

## बदला लेने की नीयत से हमला किया

**सरवाड़, (निसं)।** सरवाड़ शहर में चार साल के मासूम की हत्या का बदला लेने के लिए खूनी संघर्ष कर दिया। वहीं हमले में भैरू पुत्र कालू भील बुरी तरह घायल हो गया। सरवाड़ अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद घायल को अजमेर रेफर किया गया। सोमवार देर रात को यह घटना घटित हुई। घटना की जानकारी मिलते ही केकड़ी से पुलिस उपाधीक्षक हर्षित शर्मा पुलिस जाप्ता के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी ली। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। जानकारी के अनुसार सांपला गेट पर खूनी संघर्ष का मामला बताया जा रहा है। घटना के बाद शहर में सनसनी फैल गई। मौके पर स्थानीय लोगों ने स्कूटी पर घायल को सरवाड़ अस्पताल पहुंचाया।

# दहेज प्रताड़ना से परेशान विवाहिता ने खुदकुशी का प्रयास किया

**अजमेर, (कासं)।** रामगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली एक विवाहिता ने दहेज प्रताड़ना से परेशान होकर गोलिखं खाकर खुदकुशी का प्रयास किया। पीड़िता ने तबीयत खराब होने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जेएलएन अस्पताल में भर्ती कर लिया। पिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गौतम नगर निवासी शीतल कुमार ने पुलिस को रिपोर्ट में बताया कि उनकी बेटी पूजा (26) का विवाह 16 जनवरी को जोंसगंज निवासी नरेंद्र खंडेलवाल से हुआ था, शादी के बाद से ही बेटी को ससुराल वाले मानसिक रूप से परेशान कर रहे थे। विवाहिता के पिता ने आरोप लगाया कि पूजा की सास कांता घरेलू बातों को लेकर आए दिन परेशान करती थी, साथ ही शादी में कम दहेज लाने का ताना देती थी। शीतल कुमार ने पुलिस को बताया कि 8 जनवरी को उनकी बेटी के साथ ससुराल में मारपीट की गई, इसके बाद उसे पीहर लेकर आ गए। 9 जनवरी को उन्होंने ससुराल पक्ष से फोन पर बातचीत कर मामले को सुलझाने की कोशिश की, लेकिन पूजा के पति, सास और ससुर ने उसे वापस रखने से इनकार कर दिया। इससे पूजा मानसिक रूप डिप्रेशन आकर घर में रखी दवाइयां खा ली, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे बेहोशी की हालत में जेएलएन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां अस्पताल में भर्ती कर लिया। मामले की जानकारी मिलते ही रामगंज थाना पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। पीड़िता के परिजनों ने ससुराल पक्ष के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कार्मिकों ने किया कार्य बहिष्कार

**भीलवाड़ा।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज भीलवाड़ा में कार्यरत् यूटीबी कर्मचारियों ने नियमित करने की मांग को लेकर आज मेडिकल कॉलेज परिसर में जमकर प्रदर्शन किया।

मेडिकल कॉलेज के कार्मिक रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि राजमेस द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेज भीलवाड़ा, पाली, बाडमेर, डूंगरपुर, सीकर, चुरू भरतपुर में वर्ष 2018 से यूटीबी कार्मिक कार्यरत् है। इनके द्वारा कई मर्तबा मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, राजमेस अधिकारियों को ज्ञापन एवं मांगपत्र देकर संविदा नियम 2022 में शामिल करवाते हुए नियमित करने की मांग की गई। किन्तु आज दिनांक तक विभाग द्वारा इन्हें न तो संविदा नियम में शामिल किया ओर ना ही 7 वर्षो से वेतन में बढ़ोतरी की। मांगे नहीं माने जाने पर इन्हें धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होना पड़ा। कार्मिकों ने कॉलेज परिसर में 2 घण्टे तक कार्य बहिष्कार किया, एवं जमकर नारे बाजी की। साथ ही काली पट्टी बांधकर सरकार को विरोध जताया। इस अवसर पर सीमा लढ़ा, शबाना परवीन, अवनीश मेहरा, मुकेश बुलिवाल, धर्मसिंह राजपूत, उबेद खान, लोकेन्द्र सिंह, आसिफ खान पठान, कैलाश चमार, इरफान मंसूरी, कालूराम मीणा, दिनेश कारपेंटर सहित सभी यूटीबी कार्मिक उपस्थित थे।

# माता-पिता बच्चों पर नहीं थोंपे अपने सपने

**मकराना (निस)** बोरावड़के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए करियर मेले का आयोजन किया गया। मेले के मुख्य मेहमान मकराना तहसील पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनय सोनी थे, जबकि नगरपालिका बोरावड़ के अध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने मेले की अध्यक्षता की। मोटिवेशनल स्पीकर राम सोनी, एडवोकेट बजरंग व्यास, पार्षद टीकमचन्द टेलर, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष एवं पार्षद हरिशंकर व्यास, पार्षद दीनदयाल भाटी, पार्षद रवि जोशी, गांधी स्कूल के संचालक प्रदीप मिर्धा, सेवानिवृत्त शिक्षक हरिप्रसाद सोनी, स्वर्ण व्यवसायी दिनेश कुमार सोनी, विजय चोरडिया तथा गंगासिंह राजपुरोहित आदि ने मेले में विशिष्ट मेहमान के रूप में शिरकत की।

मेले के दौरान विद्यार्थियों द्वारा कॅरियर निर्माण को लेकर विभिन्न प्रकार के मॉडल्स तथा पोस्टर्स का निर्माण कर उनका प्रदर्शन किया। मेले के दौरान यूसीईईओ व प्रधानाचार्य गजेन्द्र सिंह गुर्जर ने मेले के आयोजन के उद्देश्य से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को कॅरियर चयन के लिए मार्गदर्शन किया, साथ ही अपने स्टॉफ के साथ मेहमानों का साफा-माला पहनाकर स्वागत किया। मेहमानों द्वारा मॉडल्स एवं पोस्टर्स का अवलोकन करते हुए संबंधित विद्यार्थियों से कॅरियर संबंधी सवाल भी पूछे, जिनके आधार पर मेहमानों द्वारा दिये गए निर्णय के अनुसार छात्रा चन्द्रकान्ता आचार्य ने प्रथम, ममता मेघवाल व डाला ने द्वितीय तथा रेखा चौहान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मेले में कौशल का प्रदर्शन करने वाली सभी प्रतिभाओं का पुरस्कार वितरण कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य मेहमान विनय सोनी ने कहा कि कॅरियर निर्माण के लिए माता-पिता अपने सपनों को बच्चों पर नहीं थोंपे।

बच्चे अपनी रूचि एवं क्षमता के आधार पर अपने कॅरियर का चयन करें तथा पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ अपने चुने हुए कॅरियर में सफल बनने का प्रयास करें। वहीं मोटिवेशनल स्पीकर राम सोनी ने भी विद्यार्थियों को पारम्परिक एवं अपरम्परागत क्षेत्र में कॅरियर निर्माण हेतु मार्गदर्शन किया। मेले के दौरान एडवोकेट बजरंग व्यास, सेवानिवृत्त शिक्षक हरिप्रसाद सोनी, गंगासिंह राजपुरोहित, व्याख्याता कमला चौधरी, छात्रा सीमा चौकीदार आदि ने भी विद्यार्थियों को कॅरियर निर्माण को लेकर मार्गदर्शन किया। मेला प्रभारी हिमांशु कुमार ने बताया कि मेले के आयोजन में शक्तिसिंह खंगारोत, अब्दुल शकूर, प्रेमसिंह राठौड़, कविता चौधरी तुलसी देवी, सरोज चौधरी, कान्तादेवी, मंजू डारा, कुनणाराम आंवला, केजीबीवी की वार्डन सन्तोष चौधरी सहित अन्य स्टॉफ सदस्यों ने सहयोग किया। जिला अधिकारियों ने किया निरीक्षण

समठा शिक्षा अभियान के सहायक परियोजना समन्वयक नागौर पृथ्वीसिंह चारण, पीएमश्री कार्यक्रम अधिकारी नागौर रमेश पिण्डयार, कार्यक्रम अधिकारी व्यावसायिक शिक्षा मौहम्मद इमरान तथा जिला समन्वयक विशेष शिक्षा सुखदेव कौशिक आदि ने कॅरियर मेले का निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित मॉडल्स व पोस्टर्स का अवलोकन करते हुए उन्हें कॅरियर संबंधी मार्गदर्शन किया। एपीसी चारण ने विद्यार्थियों से कहा कि अपनी रूचि के अनुसार कॅरियर का चयन करें। उन्होंने कहा कि कोई भी काम छोटा-बड़ा नहीं होता है, अपने परम्परागत कार्यों को भी व्यवसाय के रूप में अपनाया जा सकता है।

# सूने मकान से लाखों के सोने-चांदी के जेवर समेत नगदी पार

- सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले
- पारिवारिक कार्यक्रम में बाहर गया हुआ था

**बिजयनगर, (निसं)।** कन्हैया कॉलोनी के सूने मकान में अज्ञात चोरों ने रात्रि में धावा बोलते हुए घर में रखे सोने-चांदी के जेवर समेत नगदी पार कर ली। घटना की जानकारी घर वालों को तब लगी जब वे पारिवारिक कार्यक्रम से वापस घर आये तो घर का मुख्य दरवाजा खुला मिला तथा ताला टूटा मिला। घर अंदर के कमरे के सामान बिखरे पड़े थे तथा आलमारी का लाकर भी खुला हुआ था। उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर समेत नगदी गायब थे। चोरी की वारदात की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर मौका मुआयना किया। आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

पीड़ित घनश्याम सेन ने बताया कि पारिवारिक कार्यक्रम में बाहर गये थे। वापस लौटने पर घर का ताला टूटा था तथा आलमारी में रखा सामान बिखरा हुआ था कमरे की अलमारी में रखे रखे 50 ग्राम सोने के आभूषण, 1 किलो 500 ग्राम चांदी के जेवर समेत नगदी चोर उड़ाने में कामयाब हो गए। थाना प्रभारी करणसिंह ने बताया कि कन्हैया कॉलोनी में चोरी की घटना हुई है। पुलिस जांच में जुटी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

## विधायक ने शिविर का अवलोकन किया

**मदनगंज-किशनगढ़, (निस)।** विधायक विकास चौधरी ने गांव तित्यारी में आयोजित रक्तदान शिविर, गांव सील में भागवत कथा व बोराडा में तेजा दर्शन महोत्सव सहित क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत की। विधायक डॉ चौधरी ने तित्यारी में रक्तदान शिविर का अवलोकन कर रक्तदाताओ का हौसला बढ़ाया। सील में आयोज्य भागवत कथा का श्रवण कर कथा वाचक से आशीर्वाद लिया। बोराडा में तेजा दर्शन महोत्सव में शिरकत की। उन्होंने ठाामीण इलाकों में जनसुनवाई कर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये।

## अहमदाबाद के लिये हवाई सेवा एक मार्च से शुरू

**मदनगंज-किशनगढ़, (निस)।** किशनगढ़ मार्बल एसोसिएशन द्वारा किये गये सार्थक प्रयास से एयरपोर्ट पर किशनगढ़ से अहमदाबाद के लिये हवाई सेवा एक मार्च से शुरू हो जायेगी। इसके मार्बल एसोसिएशन ने यात्रियों को बड़ी राहत देते हुए एक हजार रूपये बतौर प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। अध्यक्ष सुधीर जैन ने बताया की किशनगढ़ एयरपोर्ट पूर्व में स्टार एयर लाइन्स के माध्यम से दिल्ली (हिंडन) हवाई अड्डे से जुड़ा हुआ है।


**Choice** The Joy of Earning

**चॉइस फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड**

सीआईएन: U74999MH2016PTC281908

पंजीकृत कार्यालय: सुनील पटोदिया टॉवर, प्लॉट नंबर 156-158, जे.बी. नगर, अंधेरी (पूर्व), मुंबई शहर, मुंबई, महाराष्ट्र-400099

आरबीआई एनबीएफसी (रजि.) क्रमांक: एन-13.02216 वेबसाइट: https://choiceindia.com

**शाखा बंद करने हेतु सार्वजनिक सूचना**

कृपया सूचित रहें कि पैसाबड्डी फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (PBFL) के साथ 22 अक्टूबर, 2024 को हुए बिजनेस ट्रांसफर एग्रीमेंट के बाद हमने दिनांक 12.05.2025 से नीचे दिए गए पते पर स्थित पैसाबड्डी फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (PBFL) और चॉइस फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड (CFPL) की शाखाओं को बंद करने का फैसला किया है। ग्राहकों से अनुरोध है कि वे किसी भी सहायता के लिए नीचे दिए गए निर्दिष्ट/विलय किए गए पते पर विलय की गई शाखा पर जाएँ। कंपनी ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि यह प्रक्रिया निर्बाध हो और ग्राहकों को कम से कम असुविधा हो।

| क्र. | कंपनी का नाम | बंद होने वाली शाखा | बंद होने वाली शाखा का पता | विलयित होने वाली शाखा का पता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सीएफपीएल | असींद | दुकान क्रमांक 3, वार्ड क्रमांक. 18, प्रेम नगर के पास, श्री राम टावर, शिव मंदिर के पास, ब्यावर बाई पास, असींद-311301 | दुकान नं. 8 (एबीसी), प्रथम तल, मंगल प्लाजा, चांग गेट के बाहर, ब्यावर-305901 |
| 2. | सीएफपीएल | केकड़ी | प्रथम तल, दसानिया सीनेटरी के ऊपर, पुराने आरटीओ ऑफिस के सामने, अजमेर रोड, केकड़ी-305404 | पहली मंजिल, (पीएनबी बैंक), पीपली चौराहा, बिजयनगर, (राजस्थान)-305624 |
| 3. | सीएफपीएल | किशनगढ़- अजमेर | दुकान नं. 6, प्रथम तल, पुराने बस स्टैंड के पास, ओके प्लस बिल्डिंग, किशनगढ़, 305801 | प्लॉट नंबर सी-120, दूसरी मंजिल, ओम टावर, बाल कृष्ण कौल नगर, माथुर रोड, अजमेर-305004 |
| 4. | पीबीएफएल | नसीराबाद | प्लॉट नंबर 04, एनएच 79, ग्राम दिलवाड़ी, नसीराबाद, अजमेर (राजस्थान)-305601 | प्लॉट नंबर सी-120, दूसरी मंजिल, ओम टावर, बाल कृष्ण कौल नगर, माथुर रोड, अजमेर-305004 |

किसी भी प्रश्न के लिए, आपसे अनुरोध है कि कृपया हमारे ग्राहक सेवा टोल फ्री नंबर: 1800 203 5193 या ईमेल आईडी:- customercare.finserv@choiceindia.com पर सम्पर्क करें।


# कार्यों में पारदर्शिता व सुगमता के लिए अधिकारियों में किया विभाजन

- प्रवीण कुमार उपायुक्त जोन दक्षिण व जोन पुष्कर के साथ प्रभारी अधिकारी भण्डार किया

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर विकास प्राधिकरण में कार्य संचालन में सुगमता, पारदर्शिता एवं त्वरित कार्य निष्पादन के लिए प्राधिकरण में पदस्थापित राजस्थान प्रशासनिक सेवा के लिए अधिकारियों का कार्यविभाजन किया गया है। एडीए आयुक्त नित्या के. के द्वारा जारी आदेश के अनुसार उपायुक्त सूर्यकान्त शर्मा जोन उत्तर के राजस्व ग्राम बोराज, काजीपुरा, हाथीखेडा, कोटडा, नौसर, चौरचियावास, थोक तेलियान, थोक मालियानपथम, किरानीपुरा, बडल्या, नारेली, माकडावली, पदमपुरा, चाचियावास, व नरवर से संबंधित समस्थ कार्य देखेगे इसके साथ ही प्रभारी अधिकारी संस्थापन शाखा व प्राधिकरण की योजनाओ पृथ्वीराज नगर, विजयाराजे सिंधिया नगर, माहराणा प्रताप नगर, कोटडा योजना, वैशाली नगर, बीके कौल नगर हरिभाउ उपाध्याय नगर व ज्वाला प्रसाद नगर के कार्य देखेगे।

उपायुक्त अनुज भारद्वाज जोन उत्तर के राजस्व गाम गुडा, गोडियावास, नोलखा, भूडोल, लाडपुरा, मदारपुरा, रसूलपुरा, गुवारडी, काकंरदा भूणाबाय, घूघरा, कायड, गगवाना, लोहागल, छातडी, कायमपुरा, भवानीखेडा व मानपुरा से संबंधित कार्य देखेगे इसके साथ ही प्राधिकरण की योजनाओं गणेश गुवाडी, पंचशील नगर, पंचशील नगर ई ब्लॉक, व लोहागल से संबंधित समस्त कार्य करेगे।

इसी तरह प्रवीण कुमार उपायुक्त जोन दक्षिण व जोन पुष्कर के साथ प्रभारी अधिकारी भण्डार शाखा व पूल शाखा तथा प्राधिकरण की योजनाओ अर्जुनलाल सेठी नगर, बकरा मण्डी, ट्रांसपोर्ट नगर दौराई व्यवसायिक, चन्द्रवरदाई नगर, डीडी पुरम नगर गनाहेडा, होकरा व सुरजकुण्ड योजना से संबंधित कार्य करेगे।

वही भूमि आवप्ति अधिकारी खेमाराम यादव को भूमि अवाप्ति अधिकारी व जोन किशनगढ के साथ प्रभारी अधिकारी समस्त तरह के भूमि आवंटन व लैण्ड बैंक की जिम्मेदारी दी गई है।

## स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन

**परबतसर (निस)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार को गांव में पथ संचलन का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा घोष की ताल पर कदम व कंधे मिलाते हुए पंथ संचलन किया गया सधे हुए कदमों के साथ चल रहे स्वयंसेवकों का ठाामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा और स्वागत के साथ भारत माता की जय व वंदे मातरम के उद्घोष से देशभक्ति का माहौल बना दिया राज ऋषि समतराम महाराज ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में एक अनुशासित एवं राष्ट्र के प्रति सद्भाव समन्वय स्थापित कर अभूतपूर्व कार्य कर रहा है इस अवसर पर संघ प्रचारक पुखराज आदि लोग उपस्थित रहे। दोपहर को बाबा खेमदास जी की बगीची में स्वयंसेवक एकत्रित हुए थे ध्वजारोपण के बाद कार्यक्रम आयोजित किया गया


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 74863004 | सम्पत्ति पर ऋण | 15.01.2025 | 3,20,870.13/- |

**ऋण ग्रहिताओं एवं सह-ऋणग्रहिताओं के नाम-** 1. महेन्द्र लोहार, 2. इशाक अब्दुल

**सम्पत्ति पता-** पट्टा नं. 96, क्षेत्रफल 136.11 वर्गगज, बुक नं. 03, ग्राम मेनसरा खुर्द, जिला-नागौर, राजस्थान-341518, का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमाये है पूर्व-भीखाराम जी का बाडा, पश्चिम-आम रास्ता एवं निकल, उत्तर-अर्जुन रामजी का मकान, दक्षिण-भीखाराम जी का मकान

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 2 | 109299818 | सम्पत्ति पर ऋण | 29.01.2025 | 6,17,483.12/- |

**ऋण ग्रहिताओं एवं सह-ऋणग्रहिताओं के नाम-** 1. महेन्द्र लोहार, 2. इशाक अब्दुल

**सम्पत्ति पता** - प्लाट पट्टा नं. 33, बुक नं. 155, मिसल नं. 33/2022-23, प्लाट क्षेत्रफल 97.69 वर्गगज, ग्राम-गगूडा, ग्राम पंचायत-धधवाडा, पंचायत समिति-मेडता, जिला-नागौर, राजस्थान-341151, का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है-पूर्व-थेवर राम/शंकर राम का मकान, पश्चिम-रामनिवास/गंगाराम का मकान, उत्तर-रास्ता एवं निकल, दक्षिण-सुखाराम का बाडा

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./- प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

दिनांक- 12.02.2025
स्थान- नागौर


## बजट घोषणाओं की समीक्षा की

**भीलवाड़ा।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा कि अधिकारी स्वयं के विभाग से जुड़ी योजनाओं व बजट घोषणाओं में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। विभागीय अधिकारी प्रतिदिन, साप्ताहिक और मासिक रूप से योजनाओं व बजट घोषणाओं की प्रगति की स्वयं के स्तर पर मॉनिटरिंग करें साथ ही जिला स्तर पर भी इसी निश्चित फॉर्मेट में प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं व बजट घोषणाओं की समीक्षा कर रहे थे। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राज्य सरकार बजट घोषणाओं व विभागीय योजनाएं की बारीकी से क्रियान्विति करने के लिए गंभीर है। समस्त अधिकारी तय लक्ष्यों को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने पीएचईडी के हाउसहोल्ड सर्वे की समीक्षा की साथ ही नगर परिषद के जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, नामांतरण, पेंशन इत्यादि के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि आवेदन प्राप्त होते ही त्वरित रूप से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के पेंशन और पालनहार के शेष प्रकरणों को वेरीफाई करने के निर्देश दिए। श्री संधू ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को पीएम सूर्यघर योजना के तहत तय लक्ष्यों के अनुरूप कनेक्शन करने को कहा।

उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग, चिकित्सा इत्यादि विभागों का बारीकी से बिंदुवार समीक्षा कर बेहतर प्रगति के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सिटी श्रीमती प्रतिभा देवतिया सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी गण मौजूद रहे।

## विद्यालय हुआ क्रमोन्नत

**मेड़ता सिटी, (निसं)।** मेड़ता लोकप्रिय विधायक लक्ष्मण राम कलरु के प्रयास रंग लाए। मेड़ता विधानसभा के ठााम कुंपड़ास में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत किया गया। जिसको लेकर ठाामवासियों में खुशी की लहर हे।





नकली फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी पूर्ण ऑफ़र्स से सावधान रहें. आईआरडीएआई जीवन बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस घोषित करने या प्रीमियमों के निवेश जैसी गतिविधियों में संलग्न नहीं है. ऐसे फोन कॉल प्राप्त करने वाले व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करवाएँ. बिक्री समापन से पूर्व अधिक जानकारी या जोखिम घटकों, नियम और शर्तों के लिए बिक्री पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़े.

लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से भिन्न होते हैं तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम के साथ पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा निवेश प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यवर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रभारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.